अर्धवार्षिक परीक्षा – 2020-21

कक्षा- 10

विषय – हिंदी (विशिष्ट)

प्र.1 आधुनिक काल की समय सीमा है -

(क) सन् 1900 से अब तक (ख) सन् 1843 से अब तक (ग) सन् 1920 से अब तक (घ) सन् 1880 से अब तक

प्र.2 द्विवेदी युग का महाकाव्य है -

(क) प्रिय प्रवास (ख) रामचन्द्रिका (ग) कामयानी (घ) कवितावली

प्र.3 श्रीकृष्ण के माथे पर लगे टीके की तुलना किससे की गई है -

(क) रवि से (ख) चंद्रमा से (ग) तारे से (घ) सप्तऋषि से

प्र.4 कुंती माँ थी -

(क) कौरवों की (ख) पाण्डवों की (ग) विदुर की (घ) यदुवंशियों की

प्र.5 सांदीपनि आश्रम कहाँ स्थित है -

(क) मथुरा (ख) उज्जैन (ग) काशी (घ) भोपाल

प्र.6 कमला, पदमा, श्री किसके पर्यायवाची है -

(क) रात्रि (ख) माता (ग) लक्ष्मी (घ) भूषण

प्र.7 निवेदिता का अर्थ है -

(क) निर्मात्री (ख) समर्पित (ग) नव्या (घ) आस्था

प्र.8 प्लेग नामक रोग फैला -

(क) लंदन में (ख) शिकागो में (ग) कलकत्ता में (घ) इंग्लैण्ड में

प्र.9 निः + चय = निश्चय कौन-सी संधि का उदाहरण हैं -

(क) विसर्ग संधि (ख) स्वर संधि (ग) व्यंजन संधि (घ) दीर्घ स्वर संधि

प्र.10 प्रयोगवाद का जनक कहा जाता है –

(क) नरेश मेहता (ख) त्रिलोचन (ग) अज्ञेय (घ) भवानी प्रसाद मिश्र

प्र.11 रीतिकाल की प्रमुख काव्य धाराएँ कौन-कौन सी है?

प्र.12 प्रगतिवाद के दो कवियों के नाम व उनकी दो रचनाओं के नाम भी लिखिए ।

प्र.13 गोपाल के गले में पड़ी गुंजों की माला की तुलना किससे की गई है?

प्र.14 श्री कृष्ण के बुद्धि कौशल के आगे कौन-कौन से अराजक व्यक्तित्व परास्त हुए?

प्र.15 महर्षि वेदव्यास क्यों प्रसिद्ध हैं?

प्र.16 स्वामी विवेकानन्द से निवेदिता की मुलाकात कब, कहाँ और कैसे हुई?

प्र.17 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए -

श्रीकृष्ण को हमारे देश के लेखकों ने सोलह कलाओं का अवतार कहा है। इसका तात्पर्य क्या है? यह स्पष्ट है कि भिन्न-भिन्न वस्तु को नापने के लिए भिन्न-भिन्न परिमाणों का प्रयोग किया जाता है। दूरी नापने के लिए और नाप है, काल के लिए और है तथा बोझ के लिए और है। इसी प्रकार मानवी पूर्णता को प्रकट करने के लिए कला ही नाप है। सोलह कलाओं से चन्द्रका का स्वरूप संपूर्ण होता है।

प्र.18 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए -

तो पर वारौं उरबसी, सुनि राधिके सुजान।

तू मोहन के उन बसी, है उरबसी समान।।

प्र.19 स्त्री शिक्षा का महत्व विषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए?

प्र.20 अमरनाथ यात्रा से भगिनी निवेदिता को भारत को समझने में किस तरह सहायता मिली? अपने शब्दों में लिखिए?

प्र.21 रीतिकाल को श्रृंगार काल क्यों कहा जाता है? रीतिकाल की दो प्रवृतियाँ भी लिखिए?

खण्ड –ब

प्र.22 तुलसीदास जी की भाषा है -

(1) ब्रज (2) अवधी (3) बुंदेलखण्डी (4) मालवी

प्र.23 विनय पत्रिका के रचयिता हैं -

(1) सूरदास जी (2) बिहारी (3) तुलसीदास जी (4) रहीम

प्र.24 नीति अष्टक में नीति के कितने दोहे संकलित है -

(1) दो (2) चार (3) छः (4) आठ

प्र.25 आधुनिक हिन्दी साहित्य का जन्मदाता किसे कहा जाता है -

(1) भारतेन्दु हरिश्चंद (2) अज्ञेय (3) बिहारी (4) कबीर

प्र.26 आम्रकूट शब्द का संबोधन है -

(1) मेघदूत से (2) अमरकंटक से (3) (1) व (2) दोनों (4) तुलसीदास

प्र.27 लोक संस्कृति की स्मृति रेखा नर्मदा के लेखक हैं -

(1) डॉ. श्याम सुंदर दुबे (2) प्रेमचन्द (3) यशपाल (4) इनमें से कोई नहीं

प्र.28 जो दूसरों का उपकार मानता हो के लिए एक शब्द है -

(1) कृतघ्न (2) उदार (3) निष्ठुर (4) कृतज्ञ

प्र.29 पद्य काव्य के प्रमुख भेद है -

(1) चार (2) दो (3) पाँच (4) तीन

प्र.30 पृथ्वी राज रासो है -

(1) खण्डकाव्य (2) दृश्य काव्य (3) महाकाव्य (4) मुक्तक काव्य

प्र.31 नर्मदा का जन्म हुआ -

(1) अमरकंटक (2) खेडाघाट (3) जलप्रपात (4) इनमें से कोई नहीं

प्र.32 सूरदास ने निर्गुण की अपेक्षा सगुण को श्रेयस्कर क्यों माना है?

प्र.33 भारतेन्दु जी की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए?

प्र.34 वात्सल्य रस को परिभाषित करते हुए उदाहरण लिखिए?

प्र.35 माई की बगिया का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए?

प्र.36 निम्न लिखित शब्दों का संधि विच्छेद करते हुए संधि का नाम लिखिए -

परमानन्द, नाविक, देवर्षि

प्र.37 कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर जी की भाषा शैली पर प्रकार डालते हुए साहित्य में स्थान सुनिश्चित कीजिए।

प्र.38 विज्ञान के चमत्कार विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए।

प्र.39 भक्ति काल का वर्गीकरण समझाइए?

प्र.40 आपने किसी दर्शनीय स्थल का भ्रमण किया होगा, उसे यात्रा वृतान्त के रूप में अपने शब्दों में लिखिए?

प्र.41 अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए जिसमें अपनी शैक्षिक प्रगति और लक्ष्य का उल्लेख किया गया हो।

खण्ड-स

प्र.42 मैं और मेरा देश नामक पाठ की कौन-सी विद्या है -

(1) निबंध (2) एकांकी (3) संस्मरण (4) कहानी

प्र.43 कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर जी थे -

(1) हिंसावादी (2) गांधीवादी (3) समाजवादी (4) प्रकृतिवादी

प्र.44 वीर रस का स्थायी भाव है -

(1) उत्साह (2) क्रोध (3) रति (4) भय

प्र.45 संचारी भावों की संख्या है

(1) 30 (2) 33 (3) 35 (4) 40

प्र.46 मनिमाल शब्द का अर्थ है -

(1) कलियों की माला (2) मणियों की माला (3) फूलों की माला (4) लड़ियों की माला

प्र.47 चन्द्रशेखर में समास है

(1) बहुब्रीही (2) कर्मधारण (3) अव्यीभाव (4) इनमें से कोई नहीं

प्र.48 रामचरित्र मानस के रचियता है -

(1) सूरदास (2) तुलसीदास (3) कबीर (4) बिहारी

प्र.49 शल्य चिकित्सा के औजार बनाये जाते थे -

(1) लोहा (2) चाँदी (3) (1) व (2) दोनों (4) इनमें से कोई नहीं

प्र.50 महर्षि सुश्रुत थे -

(1) प्राचार्य (2) उपप्रचार्य (3) आचार्य (4) इनमें से कोई नहीं

प्र.51 अनाचार का विलोम शब्द है -

(1) दुराचार (2) सदाचार (3) (1) व (2) दोनों (4) इनमें से कोई नहीं

प्र.52 लाल लाजपत राय की दो विशेषताओं को लिखिए?

प्र.53 कवि के अनुसार सखी ठगी सी क्यों रह गयी?

प्र.54 हमारे देश में पाए जाने वाली जड़ी बूटियों का नाम बताते हुए चिकित्सा पद्धति में उनकी उपयोगिता बताइए?

प्र.55 वनो का महत्व विषय पर रूपरेखा तैयार कीजिए?

प्र.56 रस निष्पत्ति किस प्रकार होती है उदाहरण समझाइए ।

प्र.57 कवितावली कविता के सवैयों के शिल्प सौन्दर्य को अपने शब्दों में लिखिए।

प्र.58 नगर पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर सूचित कीजिए कि आपके मोहल्ले में चोरी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है, पुलिस गस्त बढ़ाई जाए।

प्र.59 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए

स्वार्थ और परमार्थ मानव की प्रवृत्तियाँ है। हम अधिकतर कार्य स्वयं के लिए करते हैं 'पर' के लिए सर्वस्व बलिदान करना ही सच्ची मानवता है। यही धर्म है, यही पुण्य है। इसे ही परोपकार कहते है। प्रकृति हमें निरन्तर परोपकार का संदेश देती है। नदी दूसरों के लिए बहती है। वृक्ष मनुष्य को छाया तथा फल देने के लिए धूप, आंधी, वर्षा और तूफानों में अपना सब कुछ बलिदान कर देते है।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ब) सच्ची मानवता क्या है?

(स) वृक्ष हमें परोपकार का संदेश कैसे देते है?

(द) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्र.60 वात्सल्य के अन्तर्गत शिशु स्वरूप के सौन्दर्य की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आपने भी जीवन में अनुभव किया होगा। अपने शब्दों में लिखिए।

प्र.61 हम अपने देश के नागरिक हैं, देश को समृद्ध बनाने के लिए हम में कौन-कौन से गुण होना चाहिए अपने शब्दों में लिखिए।

प्र.62 भारतीय चिकित्सा विज्ञान का स्वर्ण युग किसे कहा जाता है और क्यो? समझाइए।